# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 19.07.2022

**1-थाना जेवर पुलिस द्वारा शराब तस्कर 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से आयशर कैन्टर में लदी 100 पेटी अवैध शराब हरियाणा मार्का (कीमत लगभग 02 लाख रूपये) बरामद।**

दिनांक 18.07.2022 को थाना जेवर पुलिस द्वारा 01 शराब तस्कर रिंकू पुत्र पुरुषोत्तम निवासी ग्राम भामासी थाना राजगढ़ जिला चुरु राजस्थान को शिवा ढाबा से आगरा जाने वाली एक्सप्रेसवे से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से आयशर कैन्टर (जिस पर फर्जी नं0 प्लेट यूपी 16 एफटी 5079 लगी है एवं जिसका सही नम्बर यूपी 14 सीटी 4520 है) में लदी 70 पेटी अध्धे (हाफ) व 30 पेटी पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का बरामद की गयी है । बरामद शराब की कुल कीमत लगभग 02 लाख रूपये है।

अभियुक्त द्वारा केंटर में शराब को सॉस की बोतल,पानी की बोतल एवं ग्लूकोज आदि की बोतलो में छिपाकर तस्करी की जाती थी।

**अभियुक्त का विवरणः**

रिंकू पुत्र पुरुषोत्तम निवासी ग्राम भामासी थाना राजगढ़ जिला चुरु राजस्थान

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः**

मु0अ0सं0 269/2022 धारा 420/467/468/471/482/120बीभादवि,60/63/72आबकारी अधि0 थाना जेवर गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

1. 01आयशर कैन्टर (जिस पर फर्जी नं0 प्लेट यूपी 16 एफटी 5079 लगी है जिसका सही नम्बर यूपी 14 सीटी 4520 है)

2. 70 पेटी अध्धे (हॉफ) व 30 पेटी पव्वे अवैध शराब नाइट ब्लू मैट्रो लीकर अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का (कुल कीमत लगभग 02 लाख रूपये)



**2- थाना जेवर पुलिस द्वारा दुपहिया वाहन चोरी करने वाले 03 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाईकल व मो0सा0 के कटे हुए पार्ट्स बरामद।**

दिनांक 18.07.2022 को थाना जेवर पुलिस द्वारा दुपहिया वाहन चोरी करने वाले 03 वाहन चोर अभियुक्तों 1. पवन पुत्र प्रकाश सिंह निवासी ग्राम साबौता थाना जेवर जिला गौतमबुद्धनगर, 2. वी0के पुत्र अतरसिंह निवासी मौ0 पल्लेदार पाडा कस्बा व थाना टप्पल जिला अलीगंढ, 3. सचिन पुत्र पप्पू निवासी जहानगंढ थाना टप्पल जनपद अलीगंढ को साबोता अण्डर पास से पहले जेपीएस इन्फ्राटेक की खाली पडी जमीन मे शीरस के पेड के नीचे से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से कब्जे से चोरी की 01 मो0सा0 व मो0सा0 के कटे हुए पार्ट्स बरामद हुए है।

**अभियुक्तों का विवरणः**

1. पवन पुत्र प्रकाश सिंह निवासी ग्राम साबौता थाना जेवर जिला गौतमबुद्धनगर

2. वी0के पुत्र अतरसिंह निवासी मौ0 पल्लेदार पाडा कस्बा व थाना टप्पल जिला अलीगंढ

3. सचिन पुत्र पप्पू निवासी जहानगंढ थाना टप्पल जनपद अलीगंढ

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः**

1. मु0अ0सं0 267/2022 धारा 411/414 भादवि थाना जेवर गौतमबुद्धनगर

2. मु0अ0सं0 265/2022 धारा 379/411 भादवि थाना जेवर गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरणः**

1. 01 मोटरसाईकल

2. 01 चेसिस मो0सा0, 02 मडगार्डर ,02 एलाईट रिम मय टायर, 01 सीट रंग ब्लैक,01 सोकर , 01 लैगगार्ड, 01 साइलेंसर, 01 गेयर लिवर, 01 हेण्डल, 01 पेट्रोल टंकी, 02 साइड कवर, 01 चैंबर कवर, 01 मुठ्ठा, 02 एक्सैल, 01 टेल, 01 पायदान, 01 बाउचर, 01 फिल्टर, 01 चेन कवर, 01 ब्रेकतार, 01 मीटर कैस, 01 हैडलाईट, 02 ड्रम प्लेट, 01 पायदान, 01 इंजन मो0सा0, 01सिलण्डर किट, 01 हेड, 02 हैडकैप,01 मैगनेट,01 ब्रेक, 01 चेन गरारी, 01 सेल्फ, 01 स्टेण्ड, मो0सा0 काटने का सामान, 02 हथौडा,01 ग्राण्डर प्लेट , पाना, 01छैनी, 01 रेटी , ब्लेड, आरी 01, रिंच छोटी बडी एवं अन्य सामान



**3- थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा, बन्द पडे मकानों में रेकी करके घरों का ताला तोडकर व सेंध लगाकर चोरी/लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक हार्ड डिस्क व 3500 रूपये बरामद।**

दिनांक 19.07.2022 को थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा, घरों में नकब लगाकर चोरी/लूट करने वाले दो अभियुक्तों 1.गौरव पुत्र राजेन्द्र निवासी बी-52, गामा-1,ग्रेटर नोएडा जिला गौतमंबुद्धनगर मूल निवासी ग्राम चंद्रावली थाना सिकन्द्राबाद जिला बुलंदशहर, 2. मोनू पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम क्यामपुर सिग्मा-2 थाना बीटा-2, ग्रेटर नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर को रामपुर गोलचक्कर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 01 हार्ड डिस्क व 3500/- रूपये नगद बरामद हुए है।

**अभियुक्तों का विवरणः**

1.गौरव पुत्र राजेन्द्र निवासी बी-52, गामा-1,ग्रेटर नोएडा जिला गौतमंबुद्धनगर मूल निवासी ग्राम चंद्रावली थाना सिकन्द्राबाद जिला बुलंदशहर

2.मोनू पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम क्यामपुर सिग्मा-2 थाना बीटा-2, ग्रेटर नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर

**पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरणः**

1.मु0अ0सं0- 0387/2022 धारा 380/457/411 भादवि थाना बीटा-2 ग्रेटर नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

2. मु0अ0सं0- 98/2020 धारा 393 भादवि थाना बीटा-2 ग्रेटर नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

3. मु0अ0सं0- 554/2020 धारा 379 भादवि थाना बीटा-2 ग्रेटर नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

4. मु0अ0सं0- 189/2019 धारा 392 भादवि थाना बीटा-2 ग्रेटर नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

5. मु0अ0सं0- 404/2019 धारा 392 भादवि थाना बीटा-2 ग्रेटर नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

6. मु0अ0सं0- 491/2018 धारा 379 भादवि थाना सूरजपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

7. मु0अ0सं0- 781/2020 धारा 411/414 भादवि थाना सूरजपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरण:**

1. 01 हार्ड डिस्क

2. 3500 रूपये नगद



**#पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार पुलिस उपायुक्त महिला एवं बाल सुरक्षा के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए थाना ए0एच0टी0यू0 की टीम द्वारा 02 महिलाओं का अपने परिजनो से पुनर्मिलन कराया, परिजनों में खुशी की लहर।**

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार पुलिस उपायुक्त महिला एवं बाल सुरक्षा के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए थाना ए0एच0टी0यू0 द्वारा समय समय पर अवासित बच्चो एवं महिलाओं की कांउसलिंग की जाती है इसी क्रम में दिनांक 19.07.2022 को थाना ए0एच0टी0यू0 की टीम द्वारा दो महिलाओं को अपने परिजनो से पुनर्मिलन कराया गया।

दिनांक 12.07.2022 को काउंसलिंग के दौरान ए0एच0टी0यू0 टीम द्वारा अपना घर आश्रम सै0-34 नोएडा में एक महिला ने अपना नाम मेंघा( काल्पनिक नाम)उम्र-लगभग 30 वर्ष पति का नाम बैरागी व निवासी इन्द्रापुरम झुग्गी झोपड़ी गाजियाबाद बताया गया जिसे दिनांक 04.07.2022 को थाना इन्द्रापुरम, गाजियाबाद पुलिस द्वारा अपना घर आश्रम सेक्टर 34 नोएडा लाया गया। महिला ने बताया कि वह परिवार से कुछ अनबन हो जाने के कारण घर से नाराज होकर निकल गयी थी जो एन.एच.-24 गौर ग्रीन सोसाईटी में भटकती मिली। थाना एएचटीयू टीम द्वारा महिला द्वारा बताये गये पते पर जाकर जानकारी की गयी तो वहां मौजूद लोगो ने उसके पति के बारे में जानकारी दी गयी पुलिस द्वारा महिला के पति को महिला के बारे में बताया गया। महिला को अपना घर आश्रम के सहयोग से सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय व डी.पी.ओ. के आदेशानुसार उसके पति बैरागी पता इन्द्रापुरम में झुग्गी झोपड़ी गाजियाबाद के सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा किये गये इस कार्य की स्थानीय व्यक्तियों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

दूसरी महिला अपना घर आश्रम सेक्टर 34 में रह रही थी जो मानसिक रूप से अस्वस्थ थी, जिसने ए0एच0टी0यू0 टीम को  काउंसलिंग के दौरान नाम रेखा (काल्पनिक नाम) बताया जो नगर मजिस्ट्रेट बुलन्दशहर द्वारा अपना घर आश्रम सै0-34 नोएडा में लाया गया। मानसिक स्थिति ठीक होने पर महिला ने अपना पता राजनगर थाना कोतवाली नगर बुलन्दशहर बताया। ए0एच0टी0यू टीम द्वारा कोतवाली नगर बुलन्दशहर से घर का पता तस्दीक कराया गया तो उनका पता सही निकला पुलिस द्वारा महिला की माता से फोन पर बात करते हुये महिला के बारे में बताया गया कि आपकी बेटी सविता अपना घर आश्रम सै0-34 नोएडा में है।  महिला को अपना घर आश्रम के सहयोग से सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय व डी.पी.ओ. के आदेशानुसार उसकी माता के सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा किये गये इस कार्य की स्थानीय व्यक्तियों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

**#श्रावण मास में शिवभक्तों का हरिद्वार से जल लाना आरंभ हो चुका है, गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा इसके दृष्टिगत सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है, सभी कांवड़ रूट की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा चुका है। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह व अन्य पुलिस अधिकारीगण द्वारा कांवड़ मार्गों व शिविरों का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।**

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह द्वारा ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार के साथ थाना रबुपरा क्षेत्र के अंतर्गत शिव मंदिर का निरीक्षण करते हुये कावड़ मार्ग का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

दिनांक 19/07/2022 को पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह द्वारा ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार के साथ थाना रबूपुरा क्षेत्र के अंतर्गत शिव मंदिर का निरीक्षण करते हुये कावड़ मार्ग का भ्रमण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया गया। पुलिस कमिश्नर द्वारा थाना रबूपुरा क्षेत्र के अंतर्गत शिव मंदिर के आसपास भ्रमण करते हुए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को चेक किया गया, उनके द्वारा कावड़ हेतु तय किए गए मार्ग को दुरुस्त रखने, पूरे मार्ग में हर समय रोशनी की व्यवस्था रहने, यातायात नियंत्रण में रखने व पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की ड्यूटी लगाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कावड़ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था रखने, शिविर के स्थान तय करने, साफ-सफाई का प्रबंध रखने व सहायता हेतु कंट्रोल रूम बनाने हेतु भी निर्देशित किया गया इसके साथ कावड ले जाने वाले श्रद्धालुओं को तिरंगे के साथ चलने की अपील की गयी।

पुलिस कमिश्नर द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों को सर्तकता के साथ ड्यूटी करने के लिये निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानियों होने पर उनकी तत्काल सहायता करने के लिये कहा गया और यह भी निर्देशित किया कि यदि कोई भी अराजकतत्व किसी भी प्रकार से यात्रा में परेशानी उत्पन्न करता तो उस पर तत्काल कठोर कार्यवाही की जाये। निर्धारित रूट पर सभी थाना प्रभारियों को लगातार भ्रमणशील रहने व ड्रोन कैमरों के माध्यम से कांवड़ रूट की निगरानी करने के लिए भी निर्देशित किया गया है साथ ही बड़े वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने लिए ड्रॉप डाउन बेरियर लगाने के लिए भी संबंधित को निर्देशित किया गया ताकि कांवड़ मार्ग में किसी भी प्रकार का अवरोध पैदा न हो सके जिससे कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

भ्रमण के दौरान पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह के साथ ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार, डीसीपी ग्रेटर नोएडा मीनाक्षी कात्यायन, एडीसीपी ग्रेटर नोएडा विशाल पांडेय व अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

